भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 27 नवम्बर, 2020

संख्या-5/1/2020-सी.पी.आई.

## प्रेस विज्ञप्ति

### औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100)- अक्तूबर, 2020

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केन्द्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी हर महीने के अंतिम कार्यदिवस पर प्रसारित किया जाता है। अक्तूबर, 2020 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति में दिया जा रहा है।


अक्तूबर, 2020 का अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 1.4 अंक बढ़कर 119.5 (एक सौ उन्नीस दशमलव पांच) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में सितम्बर एवं अक्तूबर, 2020 के बीच (+) 1.19 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 1.29 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में अरहर दाल, पोल्ट्री (चिकन), अंडे (मुर्गी), बकरे का मांस, सरसों का तेल, सूरजमुखी का तेल, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूल गोभी, हरी मिर्च, लौकी, भिण्डी, आलू, मटर, प्याज, घरेलू बिजली, डॉक्टर फीस, बस प्रभार, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेहूं, ताजी मछली, टमाटर, सेब, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केन्द्र-स्तर पर डुम-डुमा तिनसुकिया, पटना और रामगढ़ के सूचकांक में अधिकतम 4 अंकों की वृद्धि रही। अन्य 9 केन्द्रों में 3 अंक, 24 केन्द्रों में 2 अंक तथा 33 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 19 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

अक्तूबर, 2020 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.62 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 7.62 प्रतिशत की तुलना में 5.91 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 7.51 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 8.60 प्रतिशत की तुलना में 8.21 प्रतिशत रही।

## साल-दर-साल सी.पी.आई.-आई डब्ल्यू पर आधारित मुद्रास्फीति की दर (सामान्य एवं खाद्य)





### सितम्बर एवं अक्तूबर, 2020 के लिए अखिल-भारत समूह-वार सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू

| क्र. सं. | समूह | सितम्बर, 2020 | अक्तूबर, 2020 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय पदार्थ | 119.7 | 123.0 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 131.6 | 132.5* |
| III | ईंधन एवं प्रकाश | 117.6 | 117.4 |
| IV | आवास | 113.5* | 113.5* |
| V | कपड़े एवं जूते | 125.6 | 126.4 |
| VI | विविध | 116.8 | 117.0 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **118.1** | **119.5** |

*सूचकांक को 2 दशमलव स्थानों से राउंड किया गया है।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू : समूह सूचकांक




सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी नवम्बर, 2020 माह के लिए दिन गुरूवार, दिसम्बर 31, 2020 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

27/11/2020

(श्याम सिंह नेगी)
उप महानिदेशक

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 27th November, 2020**

**F.No. 5/1/2020-CPI**

**Press Release**

## Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – October, 2020

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of October, 2020 is being released in this press release.


The All-India CPI-IW for October, 2020 increased by 1.4 points and stood at 119.5 (one hundred nineteen and point five). On 1-month percentage change, it increased by (+) 1.19 per cent between September and October, 2020 compared to (+) 0.93 per cent increase between corresponding months of previous year.

The maximum upward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing (+) 1.29 percentage points to the total change. At item level, Arhar Dal, Poultry (Chicken), Eggs (Hen), Goat Meat, Mustard Oil, Sunflower Oil, Brinjal, Cabbage, Carrot, Cauliflower, Chillies Green, Gourd, Lady Finger, Onion, Peas, Potato, Electricity Domestic, Doctor's Fee, Bus Fare, etc. are responsible for the increase in index. However, this increase was checked by Wheat, Fish Fresh, Tomato, Apple, etc., putting downward pressure on the index.

At centre level, Doom-Dooma Tinsukia, Patna and Ramgarh recorded the maximum increase of 4 points each. Among others, 3 points increase was observed in 9 centres, 2 points in 24 centres and 1 point in 33 centres. Rest of 19 centres' indices remained stationary.

Year-on-year inflation based on all-items stood at 5.91 per cent for October, 2020 as compared to 5.62 per cent for the previous month and 7.62 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 8.21 per cent against 7.51 per cent of the previous month and 8.60 per cent during the corresponding month a year ago.

**Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)**





**All-India Group-wise CPI-IW for September and October, 2020**

| Sr. No. | Groups | Sept, 2020 | Oct, 2020 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 119.7 | 123.0 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 131.6 | 132.5* |
| III | **Clothing & Footwear** | 117.6 | 117.4 |
| IV | **Housing** | 113.5* | 113.5* |
| V | **Fuel & Light** | 125.6 | 126.4 |
| VI | **Miscellaneous** | 116.8 | 117.0 |
| | **General Index** | **118.1** | **119.5** |

*The figures have been rounded up from second decimal places.

**CPI-IW: Groups Indices**




The next issue of CPI-IW for the month of November, 2020 will be released on Thursday 31st December, 2020. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

27/11/2020

**(Shyam Singh Negi)**
**Deputy Director General**